CS (Main) Exam,2021

**HXS–B–ANTPL**

## नृविज्ञान (प्रश्न-पत्र–II)

समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

### प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़िए)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों में शब्द-सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

---

## ANTHROPOLOGY (PAPER–II)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

### QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड—A / SECTION—A

1. निम्नलिखित प्रत्येक पर लगभग *150* शब्दों में लघु टिप्पणी लिखिए :
Write short notes on the following in about *150* words each : 10×5=50

(a) आज के परिवेश में पुरुषार्थ और न्यायसंगत जीवन
Purushartha and righteous living today

(b) जनजाति-जाति सातत्य की प्रासंगिकता
Relevance of tribe-caste continuum

(c) हड़प्पन मोहरें
Harappan seals

(d) जाति और सामाजिक पूँजी
Caste and social capital

(e) गुटबंदी और ग्रामीण भारत में राजनीति
Factionalism and politics in rural India

2. (a) सिन्धु घाटी सभ्यता की उत्पत्ति का समीक्षात्मक वर्णन कीजिए। पूर्व-हड़प्पन स्थलों से इसकी देशज उत्पत्ति के प्रमाणों का उल्लेख कीजिए।
Critically discuss the origin of Indus Valley Civilization. Mention the evidences of its endogenous origin from the pre-Harappan sites. 20

(b) भारत में उच्च पुरापाषाण संस्कृति के विस्तार और विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
Give the distribution and characteristic features of Upper Paleolithic culture in India. 15

(c) रामापिथीकस की आकृति-संबंधी विशेषताओं और जातिवृत्तीय स्थान का वर्णन कीजिए।
Discuss the morphological features and phylogenetic position of Ramapithecus. 15

3. (a) प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग पर प्रकृति-मानव-अलौकिक आत्मा संकुल अवधारणा के प्रभाव का उपयुक्त उदाहरण के साथ वर्णन कीजिए।
Explain the impact of the concept of nature-man-spirit complex on sustainable use of natural resources with suitable examples. 20

(b) जनजातीय जीवन में प्रथानुगत विधि की भूमिका को प्रमुखता देने पर एस० सी० राय के योगदानों का परीक्षण कीजिए।
Examine the contributions of S. C. Roy in highlighting the role of customary laws in tribal life. 15



https://www.evidyarthi.in/

(c) जनजातीय संस्कृति एवं अस्मिता पर ईसाईयत के प्रभाव का समीक्षात्मक मूल्यांकन कीजिए।

Critically assess the impact of Christianity on tribal culture and identity. 15

4. (a) जनजातीय समुदायों और भारतीय सभ्यता में उनके स्थान को समझने में एन० के० बोस के योगदानों का वर्णन कीजिए।

Discuss the contributions of N. K. Bose in understanding tribal communities and their place in Indian civilization. 20

(b) ग्रामीण भारत में परम्परागत शक्ति सोपान को परिवर्तित करने में पंचायती राज संस्थानों की भूमिका का वर्णन कीजिए।

Discuss the role of Panchayati Raj Institutions in transforming traditional power hierarchy in rural India. 15

(c) अनुसूचित जनजातियों को शैक्षणिक दक्षता प्राप्त करने में आने वाली समस्याओं और चुनौतियों को स्पष्ट कीजिए।

Elucidate the problems and challenges in educational attainment of the Scheduled Tribes. 15

## खण्ड—B / SECTION—B

5. निम्नलिखित प्रत्येक पर लगभग *150* शब्दों में लघु टिप्पणी लिखिए :

Write short notes on the following in about *150* words each : 10×5=50

(a) शहरीकरण और जनजातीय संस्थाएँ

Urbanization and tribal institutions

(b) पारम्परिक संचार-माध्यम और सामाजिक जागरूकता

Ethnic media and social awareness

(c) सांस्कृतिक बहुरूपता एवं बहुसंस्कृतिवाद

Cultural diversity and multiculturalism

(d) जनजाति की अवधारणा एवं भारतीय जनगणना

Concept of tribe and Indian census

(e) पहचान और वंचितकरण की राजनीति

Politics of recognition and deprivation

6. *(a)* भारत के जनजातीय लोगों की आजीविका और संस्कृति पर वन अधिकार अधिनियम (2006) के प्रभाव का वर्णन कीजिए।

Discuss the impact of the Forest Rights Act (2006) on the livelihood and culture of tribal people in India. 20

*(b)* जनजातीय भारत में कुपोषण के उत्तरदायी कारकों का परीक्षण कीजिए और समस्या के समाधान हेतु हस्तक्षेपों को बताइए।

Examine the factors responsible for malnutrition in tribal India and suggest interventions required to overcome the problem. 15

*(c)* भारतीय जनसंख्या में जनन-क्षमता को प्रभावित करने वाले कारकों का उल्लेख कीजिए।

Delineate the factors influencing fertility in Indian population. 15

7. *(a)* जनजातीय सामाजिक संगठन पर आनुक्रमिक भूमि अधिग्रहण अधिनियमों के प्रभाव की व्याख्या कीजिए।

Explain the impact of successive Land Acquisition Acts on tribal social organization. 20

*(b)* भारत में विकास परियोजनाओं के कारण विस्थापित जनजातियों को पुनर्वासित एवं पुनःस्थापित करने में आई समस्याओं का वर्णन कीजिए।

Discuss the problems involved in rehabilitation and resettlement of tribals displaced due to development projects in India. 15

*(c)* जनजातीय महिलाओं के सशक्तिकरण में गैर-सरकारी संगठनों के हस्तक्षेपों का वर्णन कीजिए।

Discuss the interventions made by the Non-Governmental Organizations for empowering tribal women. 15

8. *(a)* परीक्षण कीजिए कि कृषिक समाज की अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक परिवर्तन, पारम्परिक सामाजिक संबंधों को कैसे प्रभावित कर रहा है।

Examine how structural transformation in economy is affecting traditional social relationships in agrarian society. 20

*(b)* भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए संवैधानिक सुरक्षा का उल्लेख कीजिए।

Delineate the constitutional safeguard for religious minorities in India. 15

*(c)* उत्तर-पूर्व भारत के विशेष संदर्भ में जनजातीय अशांति के कारणों को चिह्नित कीजिए।

Identify the causes of tribal unrest with special reference to North-East India. 15

★★★



https://www.evidyarthi.in/